राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 581 /2023 दिनांकः09,फरवरी, 2023

सेवा में,

प्रबन्धक / सचिव,
आर0बी0वी0एस0, इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन
ख्वाजा गीपुर मिरहची एटा।

विषयः—महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की आन्तरिक परीक्षा न कराने एवं परीक्षा शुल्क जमा न किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके महाविद्यालय में संचालित अनेक छात्र—छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर यह शिकायत की जा रही है कि आपके द्वारा बी.एड. प्रथम वर्ष 2021—2022 के विद्याथियों की आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड नहीं किये गये है और आपके द्वारा महाविद्यालय में प्रवेशित 72 छात्रों का परीक्षा शुल्क रु0 3,49,840 / — आज तक जमा नहीं किया गया है। इसी तरह की अपनी शिकायत लेकर छात्र भुवनेश, अंकुर, योगेन्द्र सिंह, प्रेम कुमार, प्रदीप कुमार, दीप्ति राजपूत, पूजा, राजेश कुमार, अम्बिका देवी, धम्म दीक्षा, शौम्या सिंह, श्रीकान्त, रंजना देवी, नीतू देवी, महेन्द्रपाल आदि विद्यार्थियों द्वारा मा0 कुलपति जी को शिकायती पत्र दिया गया है कि उनके द्वारा सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क जमा कर दिया गया है, परन्तु उनका परीक्षाफल घोषित नहीं किया गया है।

उपर्युक्त के क्रम में ही शिकायकर्ता श्री महेन्द्रपाल द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गयी थी। लगाये गये आरोपो की जाँच हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा एक जाँच समिति का गठन दिनांक—03.01.2023 को किया गया था। जिसकी जाँच आख्या प्राप्त हो चुकी है। आज उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा यह भी बताया गया कि आपके महाविद्यालय में न तो कोई शिक्षक है और न ही प्राचार्य है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय में अध्यापन कार्य कैसे होता है?

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय में बी.एड. सत्र 2021—2022 में अध्यनरत विद्यार्थियो द्वारा सम्पूर्ण शुल्क जमा कर दिये जाने, महाविद्यालय द्वारा आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड न किये जाने, महाविद्यालय में शिक्षक, प्राचार्य कार्यरत न होने, महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय का परीक्षा शुल्क रु0 3,49,840 / — अभी तक जमा न किये जाने के फलस्वरुप परीक्षाफल घोषित न होने एवं महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियो का भविष्य खराब किये जाने के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यो न आपके महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त कर दी जाये।

भवदीय,

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ / आगरा।
3. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव